विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2019/988 दिनांक :- 02-05-19

प्रति,

प्राचार्य,
डॉ.राधाकृष्णन महाविद्यालय,
88,टिचर कॉलोनी, नीमच।

विषय :– सत्र 2018–19 से महाविद्यालय का संचालन बंद करने एवं छात्रों को स्थानान्तरित करने के संबंध में।

संदर्भ :– महाविद्यालय का पत्र क्रमांक/नवयुग/2018–19/608,दिनांक 08.03.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि,आपके द्वारा सत्र 2018–19 से बी.बी.ए.,बी.सी.ए., बी.कॉम.(प्लेन/कम्प्यूटर ऐप्लिकेशन) पाठ्यक्रम का संचालन बंद करते हुए महाविद्यालय पूर्णतः बंद किये जाने का निवेदन किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में तत्कालिन माननीय कुलपतिजी के आदेशानुसार महाविद्यालय के छात्रों का डाटा शासकीय महाविद्यालय,नीमच में स्थानान्तरित किया गया, तत्पश्चात प्रकरण को परिनियम क्रमांक 27(संशोधित) की धारा 10(7) में गठित संकायाध्यक्षों की समिति की बैठक दिनांक 05.04.2019 में प्रस्तुत किया गया जिसमें निम्नानुसार निर्णय लिया गया :– "संकायाध्यक्षों की समिति द्वारा राधाकृष्णन महाविद्यालय,नीमच बंद किये जाने संबंधी पत्र जारी किये जाने संबंधी अनुशंसा इस शर्त पर की गई कि, डाटा ट्रांसफर कर दिया है तो महाविद्यालय बंद करने का पत्र जारी किया जाये।"उक्त अनुशंसा/समिति के कार्यविवरण को दिनांक 09.04.2019 को माननीय कुलपतिजी द्वारा सक्षम स्वीकृति प्रदान की गई।

अतः उक्त निर्णय के अनुपालन में सत्र 2018–19 से महाविद्यालय को बंद किये जाना मान्य किया जाता है।

साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि, यदि भविष्य में महाविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का पाठ्यक्रम पुनः प्रारंभ किया जाता है तो शासन की अनुमति एवं विश्वविद्यालय से नवीन सम्बद्धता प्राप्त करना होगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2019/989 दिनांक :- 02-05-19

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त,उच्च शिक्षा विभाग,म.प्र.शासन,भोपाल।
2. क्षेत्रिय अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा,उज्जैन संभाग,उज्जैन।
3. निदेशक, महाविद्यालयीन विकास परिषद,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
4. प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर(अग्रणी) महाविद्यालय,नीमच।
5. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव,परीक्षा/गोपनीय/लेखा विभाग,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
6. प्रभारी, ऑनलाईन सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन की ओर सूचनार्थ है कि,उक्त महाविद्यालय को ऑनलाईन पोर्टल से विलोपित करने का कष्ट करें।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर/वेबसाईट की ओर भेज कर निवेदन है कि,उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।

की ओर सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव(अकादमिक)